**श्रावणी मेला 2025 के अवसर पर पहलेजा से बाबा गरीबनाथ मंदिर, मुजफ्फरपुर के बीच बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि॰, पटना के द्वारा किये जानेवाले कार्य के लिए EVENT MANAGEMENT AGENCY के चयन के लिए आमंत्रित निविदा की तकनीकी मूल्यांकन समिति की दिनांक 04.07.2025 को हुई बैठक की कार्यवाहीः–**

**उपस्थितिः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री अशोक कुमार, मुख्य अभियंता | – | अध्यक्ष |
| 2. श्री अरविन्द मोहन ठाकुर, अधीक्षण अभियंता | – | सदस्य |
| 3. श्री चन्देश्वर राम, कार्यपालक अभियंता (उ॰बि॰) | – | सदस्य |
| 4. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय, उप महाप्रबंधक (वि॰एवं ले॰) | – | सदस्य |
| 5. श्री कपिलदेव चौधरी, सहायक अभियंता | – | सदस्य |

श्रावणी मेला 2025 के क्रम में पहलेजा से बाबा गरीबनाथ मंदिर, मुजफ्फरपुर के बीच श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करने हेतु **EVENT MANAGEMENT AGENCY** के चयन करने के लिए निविदा सं॰–18/RFP/2025–26 आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा के सन्दर्भ में 05 (पाँच) निविदाकारों के द्वारा भाग लिया गया है। निविदा में online के माध्यम से समर्पित किये गये कागजातों को मुल्यांकन किया गया जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है–

(1) Amit Enterprises– इनके द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है, परन्तु निविदा के NIT की कंडिका– 07 के अनुसार तकनीकी प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित नहीं हुए। तकनीकी प्रस्तुतीकरण नहीं दिखाने के कारण कार्य की रूपरेखा, किये जाने वाले कार्य की गुणवत्ता एवं श्रावणी मेला के क्रम में किये जाने वाले सुरक्षात्मक उपाय के संबंध में निविदा मूल्यांकन समिति को जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। अतएव इनका बीड Non Response पाया गया।

2. Shadow Advertising communication Pvt. Ltd. – इनके द्वारा निविदा के RFP एंव Pre Bid Meeting के Reply के आलोक में अपलोड किये गये Corrigendum-3 के कंडिका–02 के अनुसार अहर्त्ता पूर्ण करने संबंधी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने के कारण इनका बीड Non Response पाया गया है।

3. Pyramid Fabcon Event Manager Pvt. Ltd.– इनके द्वारा निविदा में RFP में निर्धारित तकनीकी अहर्त्ता के अनुरूप कागजातों को समर्पित किया गया है एवं तकनीकी प्रस्तुतीकरण भी दिखाया गया है। अतएव इनका Bid Response पाया गया है।

4. M/S Laloo ji & sons –इनके द्वारा निविदा में RFP में निर्धारित तकनीकी अहर्त्ता के अनुरूप कागजातों को समर्पित किया गया है एवं तकनीकी प्रस्तुतीकरण भी दिखाया गया है। अतएव इनका Bid Response पाया गया है।

5. AUM Event & Promotion Pvt. Ltd. –इनके द्वारा RFP के कंडिका 4.3 के क्रमांक–05 के अनुसार Blacklisting नहीं रहने के संबंध में Undertaking /Affidavits नहीं दिया गया है। निविदा की कंडिका 7 के अनुसार तकनीकी प्रस्तुतीकरण नहीं किया गया है। तकनीकी प्रस्तुतीकरण नहीं दिखाये जाने के कारण कार्य की रूपरेखा, किये जाने वाले कार्य की गुणवत्ता एवं श्रावणी मेला के क्रम में किये जाने वाले सुरक्षात्मक उपाय के संबंध में निविदा मूल्यांकन समिति को जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। अतएव इनका बीड Non Response पाया गया।

समिति द्वारा खुलापन एवं पारदर्शिता को और बढ़ाने के लिए कार्यवाही को निगम के website एवं e-proc पर Upload करने का निर्णय लिया गया।

साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को e-proc एवं निगम के वेबसाईट पर रखा जाय एवं यदि दिनांक– **07.07.2025** के अपराह्न **3:00** बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर परिवाद के आलोक में पुनर्विचार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आपत्ति प्राप्त नही होने पर दर बीड खोल कर न्यूनतम दरदाता को कार्य आवंटित करने की अनुशंसा की जाएगी।

ह॰/–
श्री कपिलदेव चौधरी
सहायक अभियंता
बि॰स्टे॰टू॰डे॰कॉ॰लि॰, पटना

ह॰/–
श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय
उप महाप्रबंधक
(वि॰एवं ले॰)
बि॰स्टे॰टू॰डे॰कॉ॰लि॰, पटना

ह॰/–
श्री चन्देश्वर राम
कार्यपालक अभियंता (उ॰बि॰)
बि॰स्टे॰टू॰डे॰कॉ॰लि॰, पटना

ह॰/–
श्री अरविन्द मोहन ठाकुर
अधीक्षण अभियंता
बि॰स्टे॰टू॰डे॰कॉ॰लि॰, पटना

ह॰/–
श्री अशोक कुमार
मुख्य अभियंता
बि॰स्टे॰टू॰डे॰कॉ॰लि॰, पटना